## एक नजर में

### व्यापारियों का धरना दूसरे दिन भी जारी, टैगोर मार्ग पर दुकानें लगाने की मांग, भाजपा-कांग्रेस ने किया समर्थन



**नीमच।** शहर के टैगोर मार्ग पर वर्षों से दुकान लगाने वाले फुटपाथ व्यापारी संघ का धरना-प्रदर्शन बुधवार शाम तक जारी रहा। व्यापारियों ने अपनी परंपरागत जगह पर ही व्यापार करने की मांग को लेकर भारत माता चौराहा पर मंगलवार सुबह से प्रदर्शन शुरू किया था। मिट्टी के दीये, खिलौने, पूजा सामग्री और रंगोली बेचने वाले इन छोटे व्यापारियों का कहना है कि वे वर्षभर कड़ी मेहनत से सामग्री तैयार करते हैं। टैगोर मार्ग ही वह स्थान है जहां उन्हें अपनी मेहनत का उचित फल मिलता है। वे प्रशासन के उस निर्णय का कड़ा विरोध कर रहे हैं, जिसमें उन्हें अस्थायी बाजार के लिए दशहरा मैदान भेजा जा रहा है। दशहरा मैदान में दुकानें लगाने से होता है नुकसान व्यापारियों ने तर्क दिया कि पिछले वर्ष नगर पालिका ने उन्हें दशहरा मैदान में दुकानें आवंटित की थीं, लेकिन ग्राहकों की कम आवाजाही के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। इससे उन्हें दीपावली का त्योहार मनाने में भी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। उनका यह भी कहना है कि पिछले वर्ष उन्हें यह आश्वासन दिया गया था कि अगले वर्ष उन्हें पुनः टैगोर मार्ग पर ही दुकानें लगाने की अनुमति दी जाएगी। धरने को भाजपा-कांग्रेस ने दिया समर्थन इस धरना प्रदर्शन को दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों का समर्थन मिला है। पहले दिन कांग्रेसियों ने व्यापारियों को समर्थन दिया, वहीं दूसरे दिन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत हरित, मेहर सिंह जाट, लोकेश चांगल सहित कई भाजपा नेताओं ने भी धरने में शामिल होकर व्यापारियों की मांग का समर्थन किया। इससे प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है। दूसरी ओर, नगर पालिका के अस्थायी बाजार के लिए दशहरा मैदान में गोटी सिस्टम से लगभग 250 दुकानें आवंटित की गई हैं। कुछ व्यापारियों ने इन आवंटित स्थानों पर टेंट लगाकर दुकान लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



**मनासा।** स्वच्छता की दिवाली के अंतर्गत आज दिनांक 15/10/2025 बुधवार को दोपहर 1 बजे नगर परिषद मनासा के सभाग्रह में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी रविश कादरी, अध्यक्ष महोदया डॉ सीमा तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष किशोर जोलान्या, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अजय तिवारी, स्वच्छता सभापति राजू माली की उपस्थिति में संपन्न हुई. जिसमे आने वाली दिवाली पर्व को स्वच्छता की दिवाली के रूप में मनाने का संकल्प लिया, जिसके लिये सभी नागरिकों से अनुरोध किया की प्लास्टिक बेग का उपयोग ना करते हुए कपडे के बने हुए बेग का उपयोग करें। बैठक में नगर के सभी सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि एवं सभी स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर, पार्षद बाबु कुशवाह, प्रवीण जौनवाल, सत्यनारायण लक्षकार प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक लोकेन्द्र साधु, सम्बंधित जमादार एवं सहयोगी संस्था आर. के. कंस्ट्रक्शन सप्लायर्स के धीरज विजयवर्गीय उपस्थित थे। बैठक के पश्चात सभी उपस्थित जनों को कपडे का थैले वितरित किये गए।

### हरीश शर्मा बने भारतीय मानवाधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट के नीमच जिला अध्यक्ष

सिंगोली। भारतीय मानवाधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट के नीमच जिला अध्यक्ष पद पर सिंगोली निवासी हरीश शर्मा को नियुक्त किया गया है आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव ने उज्जैन संभाग कार्यकारी सदस्य ज्ञानचंद शर्मा की अनुशंसा पर सिंगोली निवासी गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष हरीश शर्मा को मानवाधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट का नीमच जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है श्री शर्मा की नियुक्ति पर पूरे नीमच जिले साथ ही सिंगोली क्षेत्र में हर्ष की लहर है श्री शर्मा के इष्ट मित्रों ने इस नियुक्त पर शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की है श्री शर्मा के सामाजिक धार्मिक और मानवता के प्रति किए गए कार्यों को देखते हुए उनको नीमच जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है श्री शर्मा ने मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह यादव और संभाग कार्यकारी सदस्य ज्ञानचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया है साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि आपके द्वारा दिए गए दायित्व का मैं पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।



### प्रेक्षक जीएस चौहान ने मनासा रामपुरा में दावा आपत्ति केन्द्रों का किया निरीक्षण



नीमच। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार नगरीय निकाय/पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची 2025 का प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जा चुका हैं। राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकाय/ पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची 2025 के पुनरीक्षण कार्य के पर्यवेक्षण के लिये श्री गोविन्द सिंह चौहान, रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) को प्रेक्षक नियुक्त किया गया हैं। प्रेक्षक श्री चौहान मंगलवार से नीमच जिले के प्रवास पर है। वे रेस्ट हाऊस हवाई पट्टी के सामने पिपलिया बाग नीमच पर उपलब्ध है । नगरीय निकाय/ पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची से संबंधित चर्चा के लिये प्रेक्षक, प्रातः 10॰00 बजे से 11॰00 बजे तक एवं सायं 06॰00 बजे से 07॰00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।

# जिले में जन्मजात विकृति वाले बच्चों का सर्वे कर, सूची प्रस्तुत करें : कलेक्टर

- एन.आर.सी. की क्षमता वृद्धि के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें : कलेक्टर
- कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न



**नीमच।** महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनवाडी केंद्रों के माध्यम से जिलें के जन्मजात विकृति वाले बच्चों का सर्वे कर उन्हें सूचीबद्ध प्रस्तुत करे। जिले के सभी (एन.आर.सी.) पोषण पुर्नवास केंद्रों में बच्चों के लिए सीटे बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन, साधन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव एवं प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करें। जिससे, कि जिले के सेम एवं मेम श्रेणी के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कर उपचार सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, सीएमएचओ डॉ.आर.के.खद्योत, सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटील, कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पंड्या सहित सभी बीएमओ एवं शासकीय चिकित्सक तथा सेक्टर मेडिकल आफीसर उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने डीपीएम को निर्देश दिए, कि वे स्वास्थ्य कार्यक्रमों, टीकाकरण कार्यक्रम, ए.एन.सी.पंजीयन जांच से संबंधित आकड़ों का प्रगति पत्रक ग्राम पंचायत वार तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने सभी सेक्टर मेडीकल आफीसर को अगले माह नवम्बर में 3000 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन एवं ए.एन.सी. जॉच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने डीपीएम को ए.एन.सी.पंजीयन एवं प्रसूति के आंकड़ों की समीक्षा कर सेक्टरवार समीक्षा रिर्पोट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मलेरिया रोग नियंत्रण, मलेरिया, मच्छर रोकथाम एवं बचाव के संबंध में स्कूलों में जागरूकता गतिविधियॉ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय निकायों और पंचायतों को भी मलेरिया रोग नियंत्रण व लार्वा नष्टीकरण की कार्यवाही करने और जनजागरूकता के उपाय करने के निर्देश दिए।

सभी किशोरी बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबीन जांच करवाएं

कलेक्टर श्री चंद्रा ने बैठक में सभी बी.एम.ओ. और सेक्टर मेडिकल आफीसरों को निर्देश दिए, कि वे अपने क्षेत्र की हीमोग्लोबीन जांच से छूटी हुई सभी किशोरी बालिकाओं और गर्भवती महिलाओं की एच.बी.जांच सुनिश्चित करें। कोई भी किशोरी बालिका एवं गर्भवती महिला एच.बी. जांच से छूटे नहीं, जांच परिणामों के आधार पर उनका फालोअप करने और उन्हें स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गऐ।

## रामपुरा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई, खाद्य पदार्थों के16 नमूने लिए

- स्याही लगे कागज (अखबार) में खाद्य विक्रय, भंडारण नहीं करने के निर्देश दिए



**नीमच।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच की टीम ने बुधवार को रामपुरा में जैन मिष्ठान भंडार एवं चौधरी नमकीन एंड स्वीट्स भंडार , जय भोले कचौरी (शांतिलाल माली की दुकान) का आकस्मिक निरीक्षण किया।

उक्त फर्मों पर विक्रय के लिए भंडारित, निर्मित खाद्य पदार्थ गुलाब जामुन, मलाई बर्फी, नमकीन सेव, वनस्पति, बेसन, मैदा , अजवाइन, मूंगफली तेल, रिफाइंड सोयाबीन मावा बर्फी, मावा पेड़ा, मसाले सहित कुल 16 नमूने लिए गए ।नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जाएगी । खाद्य सुरक्षा टीम ने सभी विक्रेताओं को नियमानुसार साफ, सफाई रखने एवं स्याही लगे कागज(अखबार) में खाद्य पदार्थों का भंडारण एवं विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए हैं ।यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री राजू सोलंकी एवं श्री यशवंत कुमार शर्मा की टीम द्वारा की गई।

## मंडी में किसानों ने व्यापारी को पीटा, 4 घंटे तक बंद रही नीलामी

- मूंगफली का भाव 5 हजार से 2500 करने पर भड़के



**नीमच। नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी में बुधवार सुबह मूंगफली की नीलामी के दौरान किसान और व्यापारी आपस में भिड़ गए। मूंगफली के कम दाम मिलने से नाराज किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद विवाद मारपीट में बदल गया।**

मूंगफली व्यापारी ऋषि अग्रवाल को घेरकर पीटा, जिसके बाद व्यापारी मौके से भाग गए। इस घटना के बाद सभी किसान एकजुट हो गए और उन्होंने व्यापारियों पर मूंगफली का उचित मूल्य न देने का आरोप लगाया।

किसान बोले- व्यापारियों ने 2 दिन में आधा किया भाव

किसान इंद्र सिंह और वकील बंजारा ने कहा कि दो दिन पहले तक मूंगफली का भाव 5 हजार था। लेकिन व्यापारियों ने रेट आधा कर दिया। 2500 से 3500 तक मूंगफली खरीदी जा रही है। इससे तो लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

किसानों ने मंडी में टेंपो हम्माल और तुलावटी द्वारा अवैध वसूली का आरोप भी लगाया। विवाद की सूचना मिलते ही एसडीएम संजीव साहू मौके पर पहुंचे और किसानों को उचित मूल्य दिलाने का आश्वासन दिया।

### एसडीएम ने ली बैठक

एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों का 2 घंटे चला विरोध प्रदर्शन शांत हुआ। हालांकि, व्यापारियों ने मारपीट की घटना पर नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद एसडीएम संजीव साहू ने मंडी कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे चर्चा की। सुबह करीब 11 बजे हुए इस विवाद के बाद दोपहर 3 बजे के आसपास, यानी लगभग 4 घंटे बाद, मंडी में नीलामी फिर से शुरू हो पाई। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि मंडी में व्यापारियों की मनमानी चल रही है और मंडी प्रशासन उनकी सुनवाई नहीं करता है। उन्होंने मंडी प्रशासन और व्यापारियों के बीच मिलीभगत का आरोप भी लगाया।

## नपा ने चलाया विशेष सफाई अभियान : सरकारी कार्यालय, संस्थानों, बाजार में पेम्फलेट वितरित किए



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार नीमच जिले के शहरी क्षेत्रों में 10 दिन तक स्वच्छता की दीवाली अभियान का आयोजन कीया जा रहा है, इस अभियान के तहत नगर पालिका परिषद, नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में 10 दिन तक स्वच्छता की दिवाली के नाम से विशेष सफाई व स्वच्छता जागरूकताअभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग दल गठित कर प्रात :कालीन व रात्रि कालीन विशेष सफाई अभियान चलाने के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्रों , शासकीय कार्यालयों, बाजार क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों आदि स्थानों पर स्वच्छता की दिवाली के पंपलेट वितरित कर स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक ने बताया कि स्वच्छता की दिवाली अभियान के तहत 15 अक्टुबर 2025 को शहर मेंअनेक स्थानों पर पेम्पलेट वितरित कर स्वच्छ जागरूकता अभियान चलाया गया एवं नगर के सार्वजनिक स्थानों, कचरा ट्रांसफर स्टेशनों, बाजार क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया! स्वास्थ्य सभापति श्री पुरोहित ने बताया कि इस पहल का प्रमुख उद्देश्य दीपावली से पूर्व नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है।

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दिवंगत सीआरपीएफ आरटीसी कांस्टेबल को एक करोड़ दुर्घटना बीमा राशि का भुगतान

### बहादुर कर्मियों के परिजनों की सहायता कार्यक्रम संपन्न



**नीमच।** सीआरपीएफ आरटीसी में सेवारत कांस्टेबल दिवंगत निर्मल बगोरिया के परिजनों को सीआरपीएफ परिसर में आरटीसी मुख्यालय कार्यालय पर बुधवार दोपहर 12 बजे सीआरपीएफ आरटीसी डीआईजी ब्रिगेडियर अनमोल सूद, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपेंद्र रघुवंशी , मंदसौर मुख्य प्रबंधक शिखर बाफना की उपस्थिति में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ग्राम कनावटी शाखा द्वारा जारी एक करोड रुपए की बीमा राशि दुर्घटना बीमा राशि का चेक निर्मल बगोरिया की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई बगोरिया, पुत्र धीरज धीरज एवं लोकेश को प्रदान किया गया। यह राशि शहिद के परिजनों को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा कनावटी, नीमच द्वारा बीमा कवरेज सीएपीएसपी सैलरी पैकेज के अंतर्गत आकस्मिक दुर्घटना मृत्यु पर बीमा राशि प्रदान की गई है ।शहिद निर्मल बघेरिया के परिजनों को 1 करोड़ के अलावा दस लाख का ग्रुप टर्म इन्शुरन्स क्लेम भी स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रदान किया गया।

स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपेंद्र रघुवंशी ने कहा कि एसबीआई शाखा बहादुर देश सेवा करने वाले जवानों के परिजनों को समय बध्द सहायता एवं सभी पात्र बीमा दावा शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है ।स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा सभी कर्मचारियों को वेतन खाते के अंतर्गत सभी इन्योशरन्स सुविधाएं मुफ्त दी जाती हैं। इस अवसर पर श्रीमती आशा अनमोल सूद, सीआरपीएफ आरटीसी के सीईओ छोटन ठाकुर, श्रीमती मितुल ठाकुर, अतिरिक्त कमांडेंट अजहर मोहम्मद ,कुलदीप सारण सहायक कमांडेंट विजेंद्र कुमार रामगोपाल, केके आचार्य , रामलाल मेघवाल, सहायक उप निरीक्षक श्री मती शांति एस, जिलसी अगस्टिन, एवं ध्वज जीडी महिला दीप्ति टंडेल आदि कार्यालय विभागीय स्टाफ एवं आमंत्रित अतिथि सदस्य उपस्थित थे।

**एक नजर** — चार दिन बाद सबसे बड़ा पर्व, लेकिन मनासा का व्यापार सुस्त : महंगाई, बारिश और आर्थिक विषमता बने कारण

# दीपावली नजदीक, पर बाजार में पसरा है सन्नाटा

**मनासा। सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व दीपावली अब बस चार दिन दूर है। हर साल इस समय मनासा का बाजार रोशनी, रंग और रौनक से भर जाता है। कपड़ा, मिठाई, ज्वेलरी और इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जाती है। लेकिन इस बार स्थिति बिल्कुल उलट है। बाजार खाली हैं, व्यापारी चिंता में हैं, और उपभोक्ता केवल जरूरी चीजें ही खरीद रहे हैं।**



सालभर की उम्मीदें धूमिल

हर व्यापारी दीपावली के मौसम का इंतजार करता है। यह वह वक्त होता है जब पूरे साल की मंदी दूर होती है और व्यापार को नई रफ्तार मिलती है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। सर्राफा, कपड़ा, जूता, मिठाई, गिफ्ट और सजावट के बाजारों में ग्राहकों की संख्या उम्मीद से बहुत कम है।

नगर के प्रमुख सर्राफा व्यापारी अर्जुन सोनी ने बताया, इतने सालों में पहली बार दीपावली से पहले इतनी सुस्ती देखने को मिल रही है। सोने-चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे लोग खरीददारी से परहेज़ कर रहे हैं।

कपड़ा बाजार में भी ठंडापन

कपड़ा व्यापारी आयुष विजयवर्गीय ने बताया, दीपावली पर परिवार के हर सदस्य के लिए कपड़े खरीदे जाते हैं, लेकिन इस बार लोग केवल जरूरत के हिसाब से खरीद रहे हैं। उत्साह की जगह सावधानी नजर आ रही है।

जूता व्यापारी मनीष गुजराती ने भी यही कहा, थोड़ी बहुत खरीददारी तो है, लेकिन अनुमान के मुताबिक बिक्री नहीं हो पा रही है।थोक व्यापारी भी चिंतित- थोक व्यापारी शेखर सारडा का कहना है कि किसानों की व्यस्तता भी बाजार पर असर डाल रही है। खेती का मौसम है, किसान अगली फसल की तैयारी में जुटे हैं। एक-दो दिन में अगर हालात सुधरे तो बाजार में कुछ हलचल लौट सकती है, उन्होंने कहा।

मिठाई बाजार को अंतिम दिनों का इंतजार-मिठाई व्यापारी आदित्य सोडानी का कहना है, फिलहाल तो बिक्री बहुत कम है, पर दीपावली के ठीक दो दिन पहले बाजार में भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। लोग अब आखिरी वक्त पर खरीददारी करना पसंद करते हैं।

ऑनलाइन बाजार भी आधा पड़ा- केवल स्थानीय बाजार ही नहीं, बल्कि ऑनलाइन व्यापार भी मंदा पड़ा है। प्रमुख पार्सल वितरक ऋषि शर्मा ने बताया, इस बार ऑनलाइन ऑर्डरों में करीब 50 प्रतिशत गिरावट आई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार पार्सल की संख्या आधी रह गई है।

मौसम और अर्थव्यवस्था का असर -इस साल की असामान्य वर्षा ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। उपज घटने से किसानों की आमदनी प्रभावित हुई है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका सीधा असर पड़ा है, जो मनासा जैसे कस्बों के व्यापार की रीढ़ होती है।

इसके साथ ही महंगाई ने आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ा दिया है। सोना-चांदी और रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी से उपभोक्ता सिर्फ जरूरी चीजों की खरीददारी तक सीमित हैं।

लोगों की राय- स्थानीय नागरिक राहुल का कहना है, हर साल दीपावली से पहले बाजार में भीड़ लगती थी, पर इस बार माहौल ठंडा है। महंगाई और खेती के नुकसान ने जेबें खाली कर दी हैं। वहीं गृहणी सरोज कहती हैं, दीपावली तो मनाएंगे, पर पहले जैसी खुली खरीददारी नहीं कर पा रहे हैं। सबकुछ महंगा हो गया है।